कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून– 248001
Email ID- ceo_uttaranchal@eci.gov.in
फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724

संख्याः 901 /XXV–12(1–5)/2008 देहरादूनः दिनांक 14 मई, 2018.

सेवा में,

श्री मनीष गुप्ता (सम्पादक)
राज्य निर्माण समाचार
महामाया ग्रुप जमना पैलस
रानीपुर मोड़, हरिद्वार।

विषयः– **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचना हेतु अतिरिक्त शुल्क जमा करने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके सूचना के अधिकार संबंधी पत्र दिनांक 05–05–2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें आपके द्वारा बिन्दु संख्या 01 से बिन्दु संख्या 04 तक की सूचना चाही गयी है। बिन्दु संख्या– 01 की सूचना आपको उपलब्ध कराने हेतु आपके सूचना अनुरोध–पत्र दिनांक 05–05–2018 की छाया प्रति संलग्न कर सहायक आयुक्त/लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग,ग्राम लाडपुर, रिंग रोड़, देहरादून को अन्तरित किया जा रहा है।

बिन्दु संख्या 02 से बिन्दु संख्या 04 तक की सूचना उपलब्ध कराने में संबंधित कुल 255 पृष्ठ है। उक्त सूचना उपलब्ध किये जाने हेतु रू0 2.00 प्रति पृष्ठ की दर से कुल 45 पृष्ठों के रू0 510.00 (पाँच सौ दस) मात्र अतिरिक्त शुल्क देय होता है, जिसे यथा शीघ्र बैंक ड्राप्ट या बैकर्स चैक/चालान/नकद जो लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड के नाम बना हो प्रेषित करें/करवा दें।

मांगी गयी सूचना को उपलब्ध कराने सम्बन्धी कार्यवाही उक्त अतिरिक्त शुल्क जमा करने के बाद प्रारम्भ होगी। इस पत्र की तिथि से अतिरिक्त शुल्क प्राप्त हाने की तिथि तक का समय सूचना उपलब्ध कराने के निर्धारित 30 दिनों में नही गिना जाय। सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते है:–

विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्डं
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़,
सचिवालय परिसर, देहरादून

भवदीय,

B. S. Rawat

(बी0एस0रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

पृ0संख्या 901 / XXV–12(P-7)/2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि सहायक आयुक्त/लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग,ग्राम लाडपुर, रिंग रोड़, देहरादून को अनुरोध पत्र दिनांक 05–05–2018 की छाया प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि उक्त अनुरोध पत्र के बिन्दु संख्या–01 में मांगी गयी सूचना आपके विभाग से संबंधित है। कृपया वांछित सूचना अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तानुसार।

B. S. Rawat

(बी0एस0रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

rti 2017

प्राप्त - 10/5/2018

सेवा में,

दिनाक–05.05.2018

मुख्य निर्वाचन अधिकारी / लोक सूचना अधिकारी

उत्तराखण्ड शासन देहरादून

विषयः–लोक सूचना अधिकार 2005 के अन्तर्गत।

महोदय,

अनुरोधकर्ता को निम्न 4 बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. उत्तराखण्ड के सभी नगर निगमों नगर पालिकाओं के आरक्षण परीसीमन स्वीकृत होने की प्रक्रीया के दौरान प्रचलित पत्रावली का अवलोकन कराने हुए सत्यापित छायाप्रति उलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. आपके विभाग में एक जनवरी 2017 से वर्तमान तक प्राप्त सूचना अधिकार के 2005 के समस्त अनुरोधपत्रों का अवलोकन कराते हुए सत्याति छायाप्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. आपके विभाग में एक जनवरी 2017 से वर्तमान तक प्राप्त समस्त शिकायती पत्रों का अवलोकन कराते हुए एक एक सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. आपके विभाग में एक जनवरी 2017 से वर्तमान तक प्राप्त समस्त सुझावों पत्रों का अवलोकन कराते हुए एक एक सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– 10 रू0 मूल्य का भारतीय पोस्टल आर्डर स0 43F 754511

अनुरोधकर्ता

Sanjeev Rajendra Gupta

~~मनीष~~ गुप्ता (सम्पादक)

राज्य निर्माण समाचार

महामाया ग्रुप जनता पैलेस रानीपुर मोड हरिद्वार।

मो0नं0–9756310000